जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

31 अक्टूबर 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' मनाया, कुलपति ने कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलवाई

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने के लिए आज (31 अक्टूबर, 2024 को) "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया। इस अवसर पर कुलसचिव कार्यालय परिसर के लॉन में राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ समारोह भी आयोजित किया गया जहां पर जामिया के कुलपति प्रो मजहर आसिफ ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को हिंदी में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलावाई। जामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर ने अंग्रेजी में शपथ दिलवाई।

शपथ समारोह के दौरान, प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को कायम रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस में शपथ देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के महत्व पर बल दिया गया और इसे देश के एकीकरण की भावना से लिया गया जो सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता और कार्यों से संभव हो पाया है।

राष्ट्रीय एकता दिवस भारत की विभिन्न रियासतों को एक राष्ट्र के रूप में एकजुट करने के सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों की याद दिलाता है और देशवासियों के बीच एकजुटता की भावना को बढ़ावा देता है। अपने असाधारण नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति अंतर्निहित प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध, सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में याद किया जाता है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया